आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–06 दिसम्बर 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रदेश में 'एक जनपद–एक उत्पाद योजना' का दूसरा संस्करण लांच करने की तैयारी। खान–पान की परंपरा को ब्रांड बनाने के लिए सरकार शुरू करेगी 'एक जनपद–एक व्यंजन' योजना।
- प्रदेश में निवेशकों को उपलब्ध होंगी फास्ट ट्रैक सुविधायें। औद्योगिक विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिये निर्देश।
- इंडिगो की उड़ानों के परिचालन में आई बाधा की समीक्षा को लेकर सरकार ने गठित की चार सदस्यीय समिति। नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा– सरकार का मुख्य ध्यान लम्बित उड़ानों की संख्या कम करने पर।
- संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस आज। श्रद्धांजलि देने के लिये प्रदेश भर में आयोजित हो रहे विभिन्न कार्यक्रम।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में 'एक जिला– एक उत्पाद योजना' की समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने कहा कि प्रदेश की पहचान बन चुकी 'एक जनपद–एक उत्पाद योजना' अब अगले चरण ओडीओपी 2.0 के माध्यम से स्थानीय उद्योगों, स्वरोज़गार और निर्यात को नई ऊंचाई देने के लिए तैयार है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ओडीओपी 2.0 के माध्यम से सरकार का लक्ष्य होगा कि प्रदेश के पारंपरिक उत्पाद बड़े बाज़ार, निर्यात और स्थायी रोजगार का मजबूत आधार बनें। पेश है एक रिपोर्ट....

***उत्तर प्रदेश की पहचान बन चुकी 'एक जनपद–एक उत्पाद योजना' का अब दूसरा संस्करण लॉच होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बदलते वैश्विक बाजार, आधुनिक मांग, तकनीकी उन्नयन, गुणवत्ता और पैकेजिंग की नई आवश्यकताओं को देखते हुए ओडीओपी को अब और अधिक व्यापक, व्यावसायिक और बेहतर स्वरूप में आगे बढ़ाने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने प्रत्येक जनपद की विशिष्ट खाद्य परंपरा को भी एक संगठित पहचान देने की दिशा में एक जनपद–एक व्यंजन ओडीओसी की अवधारणा को साकार करने की भी जरूरत बताई। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि ओडीओपी उत्पादों को बड़े रीटेल नेटवर्क और आधुनिक बाजारों से भी जोड़ा जाए। आकाशवाणी समाचार कक्ष से सुशील चन्द्र तिवारी।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने औद्योगिक विकास विभाग के कार्यों की कल समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य में विदेशी निवेश के लिये संवाद को बढ़ाया जाय। इसके लिये निवेशकों के साथ नियमित सम्मेलन करने होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि निवेशकों को फास्ट ट्रैक सुविधायें उपलब्ध करायी जाए। एक रिपोर्ट–

***समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि स्पीड, स्टैबिलिटी और सपोर्ट ही नए उत्तर प्रदेश की पहचान होनी चाहिए। इसी से प्रदेश का औद्योगिक विकास तेज होगा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने इन्वेस्ट यूपी के सभी कंट्री डेस्क की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि सभी विदेशी डेस्क द्वारा नियमित अंतराल पर राउंड टेबल बैठकें होती रहनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने उद्योगों को गति देने के लिए 'प्लग एंड प्ले' मॉडल पर विशेष जोर दिया। आकाशवाणी समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।***

**********

केन्द्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने आश्वासन दिया है कि सरकार अगले तीन महीनों तक उन लोगों पर कोई जुर्माना नहीं लगाएगी और न ही सख्त कार्रवाई करेगी जिन्होंने उम्मीद पोर्टल पर वक्फ संपत्तियों का पंजीकरण नहीं कराया है। उन्होंने कहा कि लाखों संपत्तियां अभी भी पंजीकृत नहीं हुई हैं। कल नई दिल्ली में पत्रकारों से बात करते हुए श्री रिजिजू ने कहा–

***जितने भी मुत्तावल्लीस के माध्यम से उम्मीद पोर्टल में अपलोड करने के लिए जो कोशिश किया, पोर्टल में रजिस्ट्रेशन नहीं हो पाया उनको मैं आश्वासन देना चाहता हूं कि हम आगे आपके लिए रास्ता खोलेंगे और 3 महीने तक हम कोई कठोर कदम नहीं उठाएंगे। हम कोई जुर्माना नहीं लगाएंगे 3 महीने के समय में जितने भी वक्फ प्रॉपर्टीज हैं, मुत्तावल्लीस के जो अधीन है वह रजिस्ट्रेशन करा लीजिए।***

**********

भारतीय रिजर्व बैंक ने कल इस साल चौथी बार प्रमुख ब्याज दर–रेपो रेट में कमी की है। रिजर्व बैंक ने रेपो दर शून्य दशमलव दो पांच प्रतिशत घटा कर पांच दशमलव दो पांच कर दिया है। इससे आवास और वाहन ऋण सहित अन्य कर्ज सस्ते होने की उम्मीद है।

**********

रामपुर की विशेष एमपी–एमएलए कोर्ट ने समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान के बेटे और पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम को सात साल कैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने दो अलग–अलग पासपोर्ट रखने के मामले में सुनवाई के दौरान उन्हें दोषी करार देते हुए यह सज़ा सुनाई। इसके साथ ही उन पर पचास हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। वर्ष दो हजार उन्नीस में अब्दुल्ला आजम के खिलाफ फर्जी कागज़ात के आधार पर पासपोर्ट बनवाने का मुकदमा दर्ज कराया गया था।

**********

सरकार ने इंडिगो की उड़ानों के परिचालन में बाधा उत्पन्न करने वाली परिस्थितियों की व्यापक समीक्षा के लिए चार सदस्यीय समिति का गठन किया है। समिति पन्द्रह दिनों में रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। नागर विमानन महानिदेशालय ने कहा कि समिति व्यापक परिचालन

बाधाओं के मूल कारणों की पहचान करेगी। इनमें उड़ान ड्यूटी समय सीमा के कार्यान्वयन की तैयारियों का आकलन शामिल है। उधर, नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा है कि इंडिगो की उड़ानों में देरी और रद्दीकरण की स्थिति में सुधार हो रहा है। श्री नायडू ने कहा कि सरकार का मुख्य ध्यान हवाई अड्डों पर लंबित उड़ानों की संख्या कम करने पर है। उन्होंने कहा कि सरकार सभी हितधारकों के साथ बातचीत कर रही है। इस बीच, नागर विमानन महानिदेशालय के उड़ान ड्यूटी समय सीमा संबंधी आदेश तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिए गए हैं। नागर विमानन मंत्रालय ने चौबीसौ घंटे काम करने वाला एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है।

**********

प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर अभियान के अन्तर्गत मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण का काम तेज़ी से हो रहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि एसआईआर कार्य को पूरा करने के लिए बीएलओ को पूर्ण सहयोग किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के प्रत्येक चरण की सतत् मॉनीटरिंग की जाए तथा निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का शत–प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उधर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य कल प्रयागराज में भाजपा कार्यालय पर आयोजित मतदाता गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर की समीक्षा बैठक में शामिल हुए। पुनरीक्षण के क्रम में अम्बेडकरनगर में अब तक लगभग निन्यानबे प्रतिशत गणना प्रपत्र जमा हो चुके हैं। ज़िला निर्वाचन अधिकारी अनुपम शुक्ला ने बताया–

***एसआईआर के अंतर्गत जिले में लगभग 18,70,000 वोटर हैं, इनके हम लोग को फॉर्म इनोमिनेशन फॉर्म भरवा के बीएलओ एप्प में फीड कराने थे तो वह कार्य लगभग 98.5: हो गया है और इसमें टाइम एक्सटेंशन भी चुनाव आयोग द्वारा दिया गया था 11 दिसंबर तक का तो हम लोग लगभग एक हफ्ता पहले ही इस कार्य को कंप्लीट कर ले रहे हैं।***

वहीं अमरोहा में विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के एसआईआर का कार्य निन्यानबे प्रतिशत और फतेहपुर जिले में एसआईआर प्रक्रिया के तहत नवासी प्रतिशत सत्यापन का काम पूरा हो गया है।

**********

आज संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस है। इस अवसर पर उन्हें श्रद्धाजंलि देने के लिए प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए जा रहें हैं। कई स्थानों पर उनकी प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धाजंलि देने का क्रम शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज लखनऊ के हजरतगंज में स्थित आम्बेडकर महासभा कार्यालय परिसर में बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

आज उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स का तिरसठवां स्थापना दिवस भी है। इस अवसर पर लखनऊ के होमगार्ड्स मुख्यालय के परेड ग्राउंड परिसर में रैतिक परेड का आयोजन किया जायेगा। इस आयोजन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

**********

काशी तमिल संगमम का चौथा संस्करण 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को दृढ़ता से पोषित कर रहा है। वाराणसी में कल काशी हिन्दू विश्वविद्यालय परिसर में काशी और तमिलनाडु की आध्यात्मिक एवं दार्शनिक परम्पराएं विषय पर एक शैक्षणिक सत्र का आयोजन किया गया, इसमें तमिलनाडु के विभिन्न संस्थानों से आये लगभग दो सौ शिक्षकों ने भाग लिया। नेशनल बुक ट्रस्ट की तरफ से भी बच्चों के लिए कई शिक्षाप्रद और रचनात्मक गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इसके साथ ही राष्ट्रीय ई–पुस्तकालय का परिचय सत्र भी आयोजित किया गया। उधर उत्तर और दक्षिण भारत के सांस्कृतिक संबंधो को मजबूत करने के उद्देश्य से तमिलनाडु से आए छात्र समूह ने कल अयोध्या में भगवान श्री रामलला, श्रीराम दरबार और श्री हनुमानगढ़ी के दर्शन किए। छात्रों ने अपनी इस आध्यात्मिक यात्रा के बारे में कहा कि उन्हें पहली बार उत्तर भारत की आस्था, परंपरा और भक्ति की विराट संस्कृति को प्रत्यक्ष रूप से जानने और महसूस करने का अवसर मिला।

**********